मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश
कार्यालय ज्ञाप

संख्या–डीजी–चार /2018 दिनांकः दिसम्बर , 2018

विषयः उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती)प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का निर्धारण।

उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती) के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण तत्समय प्रचलित नियमावली एवं नियमों के अन्तर्गत प्रदान किया जाएगा।

2.सामान्य

(क). उपनिरीक्षक प्रशिक्षुओ के प्रशिक्षण केन्द्र में आगमन के पूर्व ही एक स्वागत कक्ष की स्थापना की जायेगी। इसमें एक पुलिस कर्मी की नियुक्ति की जायेगी, जो प्रशिक्षुओ को निर्धारित आवास, भोजनालय एवं आमद कार्यालय की जानकारी देगा। संभावित आगमन की तिथि से पूर्व ही हॉस्टल आवंटन सूची तथा अनन्तिम टोली गठन की सूची तैयार कर ली जाये। इसकी एक प्रति स्वागत कक्ष में रखी जाये ताकि तद्नुसार आगन्तुकों को निर्देशित किया जा सके।

(ख) आगमन के पश्चात प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के नामिनल रोल फार्म भरवायें जायेगें, जिस पर एक नवीनतम फोटो भी लगवाया जायेगा।

(ग) समस्त प्रशिक्षुओ के आगमन के प्रथम सप्ताह में जीरो परेड करायी जायेगी, जिसमें संस्थान परिसर की पूर्ण जानकारी करायी जायेगी। परिसर का भ्रमण भी टोली प्रभारी के मार्गदर्शन में कराया जायेगा।

(घ) प्रशिक्षण के प्रारम्भ में ''जीरो वीक'' आयोजित किया जायेगा। इस सत्र में प्रशिक्षुओं के साथ Ice Breaking Exercise का आयोजन किया जायेगा।''जीरो वीक'' की अवधि में प्रशिक्षुओं को गहन प्रशिक्षण न देकर पुलिस विभाग के परिवेश से परिचित कराया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से वर्दी का रख–रखाव तथा उसका पहनना, वर्दी तथा सादे कपड़ों में अधिकारियों का अभिवादन करना, सावधान एवं विश्राम बनाना, विभिन्न पद के पुलिस अधिकारियों के पद चिन्हों का ज्ञान, परेड ग्राउण्ड, गणना स्थल, भोजनालय एवं बैरक आवास के अनुशासन का ज्ञान कराया जायेगा।

3. आवास

सभी प्रशिक्षुओं को संस्था प्रमुख द्वारा निर्दिष्ट आवासों में ही रहना होगा। किसी प्रशिक्षु को निर्धारित छात्रावास के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर निवास की अनुमति नहीं दी जायेगी।

4. भोजन व्यवस्था

भोजन करते समय भोजनालय में निर्धारित पोशाक ही पहनी जायेगी। भोजनालय में निर्धारित स्थान पर भोजन किया जायेगा। भोजनालय से भोजन ले जाकर छात्रावास में या अन्यत्र भोजन करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

5.विशेष सेवाओं के लिए कटौती

प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख द्वारा संस्था कटिंग के रूप में जो भी जनशक्ति अथवा सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, वे लाभ/हॉनि रहित (No Profit No Loss) होंगी, वे सुविधाएं जिनका भुगतान सामूहिक रूप से किया जाना है, इस हेतु गठित संयुक्त समिति जिसमें प्रशिक्षु उपनिरीक्षक भी सम्मिलित होंगे, के द्वारा निर्धारित कर उपलब्ध करायी जायेगी। प्रशिक्षण के अन्त में कटौती की शेष धनराशि प्राप्त अंश के अनुपात में उसी बैच के प्रशिक्षुओं में वितरित कर दी जायेगी।

6. दिवसाधिकारी

प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रतिदिन बाह्य विषय का एक प्रशिक्षक दिवसाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जायेगा, जिसके कर्तव्य निम्न होगें–

(1) प्रशिक्षुओ से भोजन के समय भोजन व्यवस्था में दिये गये निर्देशों का पालन कराना।
(2) विद्यालय के समय प्रशिक्षुओ को एकत्रित कर गणना उपरान्त अन्तःकक्षाओं में पहुँचाना।
(3) प्रतिदिन प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था बनाये रखना।
(4) बीमारी/दुर्घटना इत्यादि की स्थिति में तत्काल चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराना।
(5) समय–समय पर सौंपे गये अन्य कार्य ।

7. पुस्तकालय एवं वाचनालय

प्रत्येक प्रशिक्षण संस्था पर एक पुस्तकालय की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों के अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में समाचार पत्र, पत्रिकाओं की व्यवस्था होगी।

8. मॉडल पुलिस स्टेशन

प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर एक मॉडल पुलिस स्टेशन बनाया जायेगा, जिसमें पुलिस थाने में प्रयोग में आने वाले सभी रजिस्टर, फार्म, अन्य विवरण अभिलेख एवं उपकरण रखे जायेंगे। जहॉ मॉडल थाने का भवन अभी नहीं बना है, वहाँ किसी भवन में अस्थायी रूप से मॉडल थाना बनाकर प्रशिक्षण कराया जाय। इस मॉडल थाने में थाने के सभी अभिलेख एवं अन्य सुविधायें सृजित की जायें।

9. मनोरंजन

प्रशिक्षुओ के मनोरंजन के लिए मनोरंजन गृह में टेलीविजन एवं इण्डोर गेम्स जैसे–कैरमबोर्ड, चेस इत्यादि की व्यवस्था होगी तथा मनोरंजन हेतु कोई अंशदान प्रशिक्षुओं से नहीं लिया जायेगा।

10. सूचना पट्ट

प्रत्येक छात्रावास में तथा प्रशिक्षण केन्द्र में उपयुक्त स्थान पर एक सूचना पट्ट की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें प्रशिक्षुओ से संबंधित सूचनायें तथा समय–समय पर आवश्यक आदेश–निर्देश चस्पा किये जायेंगे।

11. सुझाव एवं शिकायत पेटिका

प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में छात्रावास के निकट एक सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका रखी जायेगी। इसकी चाभी एक राजपत्रित अधिकारी के पास रहेगी। वे इसे प्रतिदिन खोलेंगे तथा प्राप्त सुझाव/शिकायतों पर सम्यक् स्तर से वांछित कार्यवाही करायेंगे।

12. मासिक सम्मेलन

प्रत्येक माह संस्था प्रभारी द्वारा प्रशिक्षुओं का मासिक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रशिक्षुओं के कल्याण संबंधी वार्ता होगी एवं प्रशिक्षुओं से सुझाव/शिकायतों की जानकारी कर निदान किया जायेगा।

13. परिधान

प्रत्येक प्रशिक्षु को मौसम के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित वर्दी पहननी होगी। ड्रिल प्रशिक्षण हेतु सूती खाकी वर्दी धारण करेंगे।

14. खेलकूद

प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रशिक्षण अवधि में समय–समय पर निर्धारित खेलकूद में भाग लेना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी खेलकूद के लिए बॉलीबाल, फुटबॉल तथा तैराकी आदि की व्यवस्था करेंगे।

15. अवकाशः–

(1) आधारभूत प्रशिक्षण की अवधि में किसी भी प्रशिक्षणार्थी को सामान्य रूप से कोई अवकाश नहीं दिया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थिति में संस्था प्रभारी द्वारा आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। सम्पूर्ण प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को अधिकतम 10 दिवस आकस्मिक अवकाश देय होगा।

(2) चिकित्सीय/स्वास्थ्य कारणों से दिये गये अवकाश को प्रशिक्षण से कुल अनुपस्थिति में माना जायेगा।

(3) यदि कोई प्रशिक्षु प्रशिक्षण काल की अवधि में अनावश्यक या अनुचित रूप से अनुपस्थित होगा अथवा बिना अनुमति के प्रशिक्षण केन्द्र से अनुपस्थित होगा या अवकाश पर जाने पर बिना उचित या अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित होगा अथवा झूठे आधार पर अवकाश प्राप्त करेगा या प्राप्त करने का प्रयास करेगा तो ऐसे प्रशिक्षु के विरूद्ध पी0टी0सी0 मैनुअल के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

(4) पूरे प्रशिक्षण काल में 45 दिवस से अधिक किसी भी कारणवश अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थी को अन्तिम परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। ऐसे प्रशिक्षु की परीक्षा तीन माह के पूरक प्रशिक्षण के उपरान्त आयोजित परीक्षा के समय ली जायेगी। किसी भी कारण से यदि किसी प्रशिक्षु की प्रशिक्षण से अनुपस्थित अवधि 90 दिवस से अधिक होती है तो प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख उस प्रशिक्षु को उसी समय प्रशिक्षण से वापस कर देंगे, जिसे अगले प्रशिक्षण सत्र में शामिल किया जायेगा।

16. महिला प्रशिक्षु द्वारा गर्भ धारण

(1) आगमन के समय प्रत्येक महिला प्रशिक्षु इस बात का घोषणा पत्र देगी कि वह गर्भवती नहीं है तथा यदि प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती होती है तो उसको तत्काल प्रशिक्षण से वापस कर दिया जायेगा।

(2) यदि किसी महिला को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के एक वर्ष के अन्दर प्रसव हुआ है तो प्रशिक्षण में शामिल होने के पूर्व उसे अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रशिक्षण हेतु फिट होने का प्रमाणपत्र देना होगा। राज्य से बाहर की निवासी महिला को यह प्रमाणपत्र संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के जनपद में स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी से प्राप्त करना होगा।

(3) ऐसी गर्भवती महिलाओं को शेष प्रशिक्षण उनके प्रसूति की तिथि के एक वर्ष बाद आगामी प्रशिक्षण सत्र के साथ कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी। यह प्रशिक्षण उसी स्तर से पुनः आरम्भ होगा जहॉ से छोड़ा गया था।

17. श्रमदान एवं वृक्षारोपण

पुलिस विभाग में श्रमदान की एक दीर्घकालीन सुस्थापित परम्परा है। यह टीम भावना तथा संस्था/इकाई से लगाव/अपनत्व बढ़ाने के लिये अत्यन्त आवश्यक है। प्रशिक्षुओ से श्रमदान एवं वृक्षारोपण का कार्य केवल बृहस्पतिवार एवं रविवार को पूर्वान्ह में ही कराया जायेगा, जिसमें उनसे परेड ग्राउण्ड, बैरक एरिया, क्वार्टर गार्द, गार्डन आदि की सफाई व रख–रखाव का कार्य कराया जा सकेगा। कार्य दिवसों में बाह्य एवं अंतः विषयों के कालांशो में कोई श्रमदान एवं वृक्षारोपण नहीं कराया जायेगा।

18. पुरस्कार

प्रशिक्षण की समाप्ति पर निम्नवत पुरस्कार दिये जायेंगे–

(1) आन्तरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण के प्रत्येक विषय में प्रथम स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण–पत्र।

(2) आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण के सभी विषयों के प्राप्तांकों के योग में प्रथम आने वाले प्रशिक्षुओं को पदक एवं प्रमाण–पत्र।

(3) सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु को मानद किर्च (तलवार) Sword of Honour एवं प्रमाण–पत्र।

(4) सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु के चयन के लिए प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी द्वारा प्रदत्त साक्षात्कार के अंकों को भी जोड़ा जाएगा।

(5) प्रशिक्षण में विशेष अभिरूचि रखने वाले उत्कृष्ट अन्तःकक्षीय एवं बाह्य कक्षीय प्रशिक्षक (आई.टी.आई./पी.टी.आई.) को भी संस्था के प्रभारी द्वारा अलग से पुरस्कृत किया जायेगा। मानद प्रशिक्षक पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे।

19. संस्था प्रमुख प्रत्येक माह प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद करेंगे तथा किसी भी सम्बन्धित समस्या अथवा कठिनाई के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

20. प्रशिक्षण कार्यक्रम की कालाँश गणना

प्रशिक्षण की अवधि	365 दिन (12माह)
रविवार एवं अवकाश की संख्या	88 दिन
'' जीरो वीक '' की अवधि	03 दिन
परीक्षा एवं दीक्षान्त परेड के अभ्यास के लिये निर्धारित अवधि	37 दिन
प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध कुल दिन	237 दिन
कालाँश–प्रतिदिन (अन्तः विषय 06 कालांश, बाह्य विषय 06 कालांश)	12 कालाँश
एक कालाँश की अवधि	40 मिनट
कुल कालाँशों की संख्या	2844 कालाँश

21. सम्पूर्ण प्रशिक्षण के कालांश एवं अंकों का विवरण

विषय		कालाँश	अंक
अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण	1410 कालांश	1623	1500
संवेदीकरण मॉड्यूल	213 कालांश		
बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण		1221	900
संस्था प्रमुख का आंकलन		–	100
कुल योग		**2844**	**2500**

22. अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण, मध्यावधि एवं अन्तिम परीक्षा के अंकों का विवरण

अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण की परीक्षा दो भागों में अर्थात मध्यावधि एवं अन्तिम परीक्षा होगी। मध्यावधि परीक्षा 600 अंकों एवं अन्तिम परीक्षा 900 अंकों की होगी। मध्यावधि परीक्षा संस्था प्रमुख द्वारा केन्द्रीय परीक्षा समिति के अनुमोदन के उपरान्त कराई जायेगी। अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण की परीक्षा एवं अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा।

प्रश्न पत्र	विषय	कालाँश	मध्यावधि परीक्षा के अंक	अन्तिम परीक्षा के अंक		योग अंक अन्तिम परीक्षा	सम्पूर्ण अंक योग
				सैद्धांतिक	प्रयोगात्मक		
1	2	3	4	5	6	7	8
प्रथम	आधुनिक भारत में पुलिस, पुलिस संगठन एवं पुलिस कार्य पद्धति	120	50	75	–	75	125
द्वितीय	भारतीय दण्ड संहिता	120	50	75	–	75	125
तृतीय	दण्ड प्रक्रिया संहिता	100	50	75	–	75	125
चतुर्थ	भारतीय साक्ष्य अधिनियम, संविधान एवं मानवाधिकार	100	50	75	–	75	125
पंचम्	स्थानीय एवं विशेष अधिनियम	120	50	50	25	75	125
षष्टम्	पुलिस रेगुलेशन	100	50	75	–	75	125

सप्तम्	सामान्य, जघन्य एवं विशेष अपराधों की विवेचना	120	50	50	25	75	125
अष्टम्	अपराध शास्त्र, पुलिस मनोवृत्ति एवं नेतृत्व कौशल	100	50	75	—	75	125
नवम्	विधि विज्ञान एवं चिकित्सा शास्त्र	120	50	50	25	75	125
दशम्	थाना प्रबन्धन, अपराध नियंत्रण एवं शान्ति व्यवस्था	150	50	50	25	75	125
एकादश	कम्प्यूटर साइंस एवं साइबर क्राइम	160	50	50	25	75	125
द्वादश	पुलिस की छवि, व्यवहार एवं संवाद कौशल	100	50	75	—	75	125
योग		**1410**	**600**	**775**	**125**	**900**	**1500**

नोट—पश्नपत्र बनाते समय जितना पाठ्यक्रम मध्यावधि परीक्षा में कवर हो जायेगा, उसे अन्तिम परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा।

23. बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के कालांशों/अंकों का विवरण

बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण की परीक्षा के कालांशों एवं अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा।

प्रश्नपत्र	विषय	कालांश	अंक
प्रथम	शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण (पी0ई0टी0)	150	150
द्वितीय	कवायद (ड्रिल)/पदाति प्रशिक्षण	150	150
तृतीय	शस्त्र प्रशिक्षण—रात्रि फायरिंग सहित	150	150
चतुर्थ	फील्ड क्राफ्ट एण्ड टैक्टिक्स, मैप रीडिंग,रूट मार्च व जंगल ट्रेनिंग	281	150
पंचम्	यू0ए0सी0	50	50
षष्टम्	योगासन	90	50
सप्तम्	ड्राइविंग	50	50
अष्टम्	तैराकी	60	40
नवम्	घुड़सवारी	60	40
दशम्	बाधा कोर्स	50	25
एकादश	विस्फोटकों का ज्ञान	30	25
द्वादश	वन मिनट ड्रिल	20	20
—	खेलकूद/जिम	80	00
योग		**1221**	**900**

नोट— बाह्य विषयों की परीक्षाएं संस्था प्रमुख अपने स्तर से किसी अन्य संस्था/इकाई के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा करायेंगे।

24.संवेदीकरण मोड्यूल (Sensitization Module)

क0सं0	विषय	कालांश
1	पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 कार्यालय का भ्रमण	8
2	मुख्यालय यूपी 100 का भ्रमण	8
3	मुख्यालय 1090 का भ्रमण	8
4	मुख्यालय एसटीएफ का भ्रमण	8
5	मुख्यालय एटीएस का भ्रमण	8
6	मुख्यालय एसडीआरएफ का भ्रमण	8
7	मुख्यालय सर्तकता अधिष्ठान/भ्रष्टाचार निवारण संगठन का भ्रमण	8

8	एफएसएल का भ्रमण	8
9	एसपी/डीएम कार्यालय का भ्रमण	8
10	जिला नियंत्रण कक्ष का भ्रमण	8
11	पुलिस लाइन/यातायात लाइन का भ्रमण	8
12	थाने का भ्रमण	8
13	न्यायालय का भ्रमण	8
14	अभियोजन कार्यालय का भ्रमण	8
15	जेल का भ्रमण	8
16	चिकित्सालय/शव विच्छेदनग्रह का भ्रमण	8
17	वृद्धाआश्रम/महिला संरक्षण गृह का भ्रमण	8
18	बालगृह/किशोर संरक्षण गृह का भ्रमण	8
19	जीआरपी का भ्रमण	8
20	अभिसूचना संकलन एवं प्रयोग	8
21	सामुदायिक पुलिसिंग	8
22	इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों का स्वयं द्वारा संकलन किया जाना	8
23	नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरों की वर्कशाप	8
24	पूँछतॉछ की विधियॉ	8
25	जेण्डर संवेदीकरण	5
26	स्वास्थ्य एवं पोषण/नेचुरोपैथी	8
27	उप निरीक्षक–फर्स्ट रिस्पाण्डर (यूपी100 द्वारा)	8
	योग	213

25. व्यावहारिक प्रशिक्षण

संस्था में आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षु जनपदों में 12 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सभी प्रशिक्षु व्यवहारिक प्रशिक्षण पंजिका बनायेंगे जिसमें दिनाँक सहित प्रतिदिन के प्रशिक्षण का विवरण अंकित करेंगे। व्यावहारिक प्रशिक्षण की समय–सारिणी तथा विषय वस्तु परिशिष्ट–3 में दी गयी है। जनपदीय पुलिस अधीक्षक इन प्रशिक्षुओं का मूल्यांकन साक्षात्कार के माध्यम से माह में एक बार करेंगे और इसकी टिप्पणी उनकी व्यावहारिक प्रशिक्षण पंजिका में करेंगे। व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक द्वारा प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया जायेगा। जो प्रशिक्षु व्यावहारिक रूप से उपनिरीक्षक के पद का दायित्व संभालने हेतु उपयुक्त पाये जायें उन्हें एक उपयुक्तता प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा। इसकी एक प्रति उनकी चरित्र पंजिका में चस्पा की जायेगी। अनुपयुक्त पाये गये प्रशिक्षुओं की परीवीक्षा अवधि बढ़ा दी जाये तथा 03 माह बाद पुनः उनकी उपयुक्तता देखी जाये। उपयुक्त पाये जाने पर ही उन्हें नियमित नियुक्ति प्रदान की जाये। अनुपयुक्त पाये गये प्रशिक्षुओं के सम्बन्ध में पी0टी0सी0 मैनुअल के नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। ''व्यावहारिक प्रशिक्षण'' कर रहे प्रशिक्षुओं से रूटीन कार्य न लिया जाये। पर्यवेक्षण अधिकारी इन्हें अधिकाधिक सुयोग्य बनाने पर ध्यान दें।

26. परीक्षा का संक्षेप

1– उ0प्र0 पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा केन्द्रीय रूप से मध्यावधि एवं अन्तिम परीक्षा आयोजित कराई जायेगी। अन्तः कक्षीय विषयों की मध्यावधि एवं अन्तिम परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार की होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा निबन्धात्मक (Essay Type) प्रकार की होगी। प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा परीक्षा के सम्पादन हेतु एक परीक्षा समिति गठित की जायेगी।

2– प्रशिक्षण के छठवें माह में मध्यावधि एवं बारहवे माह में अन्तिम परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसका संक्षेप में निर्धारण पूर्व में किया गया है। मध्यावधि परीक्षा में जितने पाठ्यक्रम में से प्रश्न पूछे जायेंगे उस पाठ्यक्रम में से अन्तिम परीक्षा में प्रश्न न पूछे जायें। मध्यावधि परीक्षा तक सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का न्यूनतम 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये।

3—(अ) उत्तीर्ण होने हेतु अन्तः एवं बाह्य विषयों के प्रत्येक प्रश्नपत्र में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य होंगे।

(ब) परीक्षा में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षुओं का पूरक प्रशिक्षण एवं परीक्षा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप करायी जायेगी। पूरक प्रशिक्षण/परीक्षा उन्हीं विषयों की कराई जायेगी जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहें हों।

(स) किसी भी विषय की परीक्षा में नकल करते हुये पकड़े जाने पर प्रशिक्षु की सम्पूर्ण परीक्षा निरस्त मानी जाएगी और पी0टी0सी0 मैनुअल के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के उपरान्त यदि उसे सेवा में रखा जाना है तो उसका पूरक प्रशिक्षण कम से कम 3 माह का कराया जायेगा तथा प्रशिक्षण के उपरान्त सभी विषयों की परीक्षा पुनः संपादित कराई जायेगी।

4— व्यक्तित्व परीक्षण एवं साक्षात्कार के लिये निर्धारित 100 अंक संस्था प्रमुख द्वारा प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, आचरण, गम्भीरता एवं रूचि को ध्यान में रखते हुये निम्नवत दिये जायेंगे—

क0सं0	विषय	अंक
1	नेतृत्व क्षमता	10
2	खेदकूद	10
3	सांस्कृतिक अभिरूचि	10
5	कक्षा मानीटर	10
5	टोली कमाण्डर/मेस प्रबन्धक	10
6	व्यक्तित्व परीक्षण एवं साक्षात्कार	50
	योग	**100**

5—निम्नलिखित प्रकार की अनुशासनहीनता के दृष्टान्तों पर उक्त अंकों में से ऋणात्मक अंक कम किए जायेंगे—

1—विलम्ब से आगमन, अनुपस्थिति, निर्धारित अवकाश से अधिक अवकाश, सिक, रेस्ट, अस्पताल दाखिल 1/2 अंक प्रतिदिन की दर से अधिकतम —20 अंक

2—गम्भीर अनुशासनहीनता —20 अंक

3—प्रत्येक आदेश कक्ष (ओ0आर0) में दण्ड —05 अंक

4—प्रत्येक डिफाल्टर/चेतावनी —02 अंक

6—पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उ0प्र0 अन्तिम परीक्षा के उपरान्त यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त समय पर 03 माह अवधि का एक पूरक प्रशिक्षण आयोजित करेंगे।

27. सामान्य निर्देश

1. प्रशिक्षुओं के आत्म सम्मान को चोट न पहुँचने पाये। उन्हें स्वयं अपना तथा दूसरे का सम्मान करना सिखाया जाये। आवश्यक है कि उनमें हीन भावना न पनपने पाये और यदि पूर्व से ऐसी भावना हो तो उसे निकाला जाये। एक आत्म सम्मान वाला उपनिरीक्षक ही नागरिकों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने में सक्षम होगा।
2. प्रशिक्षुओं में अपने कृत्यों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने का साहस पैदा किया जाये। हानि की कीमत पर भी असत्य का सहारा न लेने की भावना जागृत की जाये।
3. प्रशिक्षुओं के अन्दर प्रजातान्त्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतंत्रता की भावना जागृत करना प्रशिक्षकों का प्रमुख दायित्व है। उन्हें प्रशिक्षित किया जाये कि अशिष्ट/उद्दण्ड व्यवहार करने वाले या सामान्य तथा सभ्य समाज में अस्वीकार्य भाषा एवं आचरण का प्रयोग करने वाले व्यक्ति को भी बिना उत्तेजित हुये शिष्ट शब्दों से वार्ता करके शान्त करने का कौशल उनमें आ जाये।
4. प्रशिक्षुओं को जनता के व्यक्तियों से सम्मानजनक व्यवहार का बोध एवं अभ्यास कराया जाये, चाहे वह व्यक्ति पीड़ित हो अथवा अभियुक्त हो अथवा घायल हो अथवा बन्दी हो। जिन व्यक्तियों के

ऊपर बल प्रयोग किया जाये, उनके साथ भी शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। घायलों/शवों को उठाते/परिवहन करते समय व्यक्ति की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाये।

5. अपनी गलती होने पर क्षमा प्रार्थना करना/खेद व्यक्त करना आवश्यक है। नागरिकों को असुविधा होने पर भी क्षमा मांगना उच्चकोटि के शिष्टाचार का द्योतक है। भले ही हमारी कोई गलती न हो। उदाहरणार्थ–तलाशी लेने से पूर्व या गिरफ्तारी करते समय **"क्षमा करियेगा/माफ करियेगा"** इत्यादि सम्बोधन उचित है। नागरिकों को उनके द्वारा दिये गये किसी भी सहयोग के लिये धन्यवाद अवश्य दिया जाना चाहिये। इसका बोध तथा अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया जाये।
6. प्रशिक्षक प्रत्येक कालांश के लिए उच्चकोटि (प्रमाणित) पुस्तक से पाठ (Lession plan) पहले ही तैयार कर लेंगे। जो भी प्रशिक्षक अथवा अतिथि प्रवक्ता कोई भी कक्षा लेंगे, उसके पूर्व, क्या पढ़ाने जा रहे हैं, उसका एक सारांश बनाकर इण्डोर प्रभारी को पहले ही उपलब्ध करा देंगे, जिससे कि प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम के अनुसार ही चले तथा प्रत्येक कालांश में क्या पढ़ाया जाना है, वह विषय अवश्य पढ़ा दिया जाए।
7. प्रशिक्षणार्थी को व्यवहारिक ज्ञान, सुरक्षा ड्यूटी, घटनास्थल निरीक्षण, विवेचना आदि कराने से पूर्व मौलिक सिद्धांत समझाए जायें।
8. ऐसे समस्त प्रयोगात्मक अभ्यास, जिनमें प्रशिक्षु द्वारा कृत कार्यवाही, हरकत, भाव भंगिमा, भाषा, व्यवहारिकता इत्यादि मुख्य हैं, उनकी वीडियोग्राफी की जाये। बाद में इसे दिखाकर उनकी गलतियों को सुधारा जाये।
9. प्रशिक्षु सही वर्दी धारण करें, जिससे फुर्तीलापन प्रदर्शित हो एवं उसका रख–रखाव भी साफ–सुथरा हो।
10. प्रत्येक कालांश में प्रश्न पूछने के लिए कुछ समय दें अर्थात् संदेहों को दूर करें।
11. कोई भी प्रशिक्षक/अतिथि प्रवक्ता कक्षा में न तो मोबाईल लेकर जाएंगे और न ही मोबाईल पर कोई वार्ता करेंगे। न ही किसी प्रशिक्षु को कक्षा में मोबाईल लेकर जाने की अनुमति होगी। मोबाईल को साईलेन्ट मोड पर करके रखने की अनुमति भी कतई नहीं होगी।
12. कोई भी प्रशिक्षु कक्षा में गुटखा, पान मसाला, पान इत्यादि का सेवन किसी भी दशा में नहीं करेगा।
13. कोई भी प्रशिक्षु क्लास छोड़कर, क्लास के समय किसी भी दशा में बाहर नहीं घूमेगा तथा यदि घूमता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।
14. 04 माह के आधारभूत प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षुओं को कारागार का भ्रमण कराया जाय ताकि कैदियों के व्यवस्थापन एवं प्रशासन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। इसके अतिरिक्त कारागार के अधीक्षकों/पुलिस उपमहानिरीक्षकों को कारागार एवं सुधार प्रशासन तथा तत्संबंधी अधिनियम/नियम पढ़ाने हेतु आमंत्रित किया जाय ताकि वह कारागार की प्रबन्धन एवं प्रशासन व्यवस्था के संबंध में जानकारी दे सकें। इन्हें पाठ्यक्रम की विषय वस्तु की सूचना पर्याप्त समय पूर्व दे दी जाये।
15. बाह्य कक्षीय प्रशिक्षक सिखलाई के दौरान अपनी व्यक्तिगत Body Movements द्वारा नमूना दें।
16. विभिन्न्न हरकतों को एक–एक करके प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी से कराया जाय, ताकि उसको पूरा ज्ञान हो सके।
17. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी की त्रुटियों को सही करें। अनावश्यक टीका–टिप्पणी न करें, जब तक कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी उससे भिज्ञ न हो जाये कि सही क्या है, तब तक अतिरिक्त समय में विशेष कालांश में प्रशिक्षित करें।
18. फील्ड क्राफ्ट एवं टैक्टिक्स तथा अन्य व्यावहारिक/प्रयोगात्मक कार्य का अभ्यास गहनता से कराकर दक्षता पैदा की जाये। अभ्यास की वीडियो ग्राफी की जाये ताकि प्रशिक्षुओं को उसे दिखाकर उनकी गलतियों को सुधारा जा सके।
19. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी व्यक्तिगत सफाई, सामाजिक व्यवहार, शिष्टाचार, मर्यादा और सत्यनिष्ठा का विकास करेंगे।
20. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी अपने सहयोगियों, संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अतिथियों के साथ संस्था के भीतर व संस्था के बाहर शिष्ट व्यवहार करेंगे।
21. संस्था में धूम्रपान करना सख्त मना है। हॉस्टलों में मदिरापान, नशीले पदार्थों का सेवन पूर्ण रूप से वर्जित होगा।
22. प्रशिक्षणार्थी वरिष्ठ अधिकारियों से पत्र व्यवहार उचित माध्यम से ही करेंगे।
23. बाह्य प्रशिक्षण के दौरान घड़ी या अन्य आभूषण पहनना मना है।

24. बाह्य प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संस्था प्रमुख प्रशिक्षण के समय में बदलाव कर सकते है।
25. किसी आपात स्थिति में अन्तः प्रशिक्षण के दौरान यदि प्रशिक्षणार्थी को अन्तः प्रशिक्षण भवन से बाहर जाने की आवश्यकता पड़ती है, तो वह संस्था प्रमुख/प्रभारी इण्डोर शाखा से अनुमति प्राप्त करेंगे।
26. प्रशिक्षण केन्द्र परिसर से बाहर बिना अनुमति के जाना वर्जित है। अवकाश के दिन सैन्य सहायक की पूर्व अनुमति से ही प्रशिक्षणार्थी अनुमति के समय के अनुसार जा सकते हैं। नगर से बाहर जाने के लिए नियमित रूप से संस्था प्रमुख से अवकाश अथवा सार्वजनिक अवकाश के दिन स्टेशन लीव लेकर ही प्रशिक्षण केन्द्र से प्रस्थान किया जाएगा।
27. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी संस्था के नियमों व संस्था के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जारी किये गये आदेशों का पालन करेगा।

प्रशिक्षु द्वारा अनुशासन भंग करने पर, जिसमें अनधिकृत अनुपस्थिति, अनुमति के बिना प्रशिक्षण केन्द्र से बाहर जाना तथा अवज्ञा सम्मिलित है, में यथा उचित अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

28. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में संशोधन

इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में किसी संशोधन की आवश्यकता पड़ने पर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उन बिन्दुओं को पाठ्यक्रम समिति को संदर्भित करके समिति की अनुशंसा प्राप्त करेंगे। अनुशंसा पर विचारोपरांत निर्णय लेकर संशोधन हेतु प्रकरण पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 को भेजा जायेगा। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के द्वारा संशोधन ज्ञापित करके निर्धारित किया जायेगा।

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश लखनऊ

प्रतिलिपि– पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश को 02 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। वे कृपया सर्व सम्बन्धित अधिकारियों/कार्यालयों को इसकी प्रतियॉ अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।

अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

उप निरीक्षक ना0पु0 (सीधी भर्ती) अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण की विस्तृत विषय वस्तु

प्रश्न पत्र–प्रथम

आधुनिक भारत में पुलिस, पुलिस संगठन एवं पुलिस कार्य पद्धति

कालांश–120 **अंक–125**

ए. आधुनिक भारत में पुलिस

1. एक कल्याणकारी राज्य में आदर्श पुलिस कार्यशैली, वर्तमान सामाजिक व्यवस्था के सन्दर्भ में पुलिस की परिवर्तनशील भूमिका एवं पुलिस कार्य में व्यवहारगत परिवर्तनों की आवश्यकता– बलोन्मुखता से सेवोन्मुखता में रूपान्तरण
2. पुलिस कार्यों में व्यवसायिकता
3. राज्य की अर्थ व्यवस्था एवं भूगोल
4. नागरिक प्रशासन में पुलिस की भूमिका एवं अन्य विभागों–जैसे चिकित्सा विभाग, जेल विभाग, शिक्षा विभाग, तहसील, ब्लॉक डेवलपमेन्ट अधिकारी, टेलीफोन, बिजली विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग, कस्टम एवं नारकोटिक्स विभाग, नगर पालिका, कैंटोनमेंट बोर्ड, सेना पुलिस व इन्कम टैक्स विभाग आदि के साथ सम्बन्ध एवं उपयोगिता ।
5. पुलिस की भूमिका–सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक एवं राष्ट्रीय एकता अखण्डता के क्षेत्र में।
   - आपराधिक न्याय व्यवस्था में पुलिस की भूमिका
   - विध्वंसकारी ताकतों से राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को चुनौतियॉ–साम्प्रदायिता, रूढ़िवादिता, अतिवाद व आतंकवाद तथा चुनौतियों से मुकाबले में पुलिस की भूमिका, जम्मू एण्ड कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट, क्रासबॉर्डर टेरोरिज्म
   - सामाजिक–आर्थिक समस्यायें और पुलिस की भूमिका
   - किसानों, छात्रों व श्रमिकों के आन्दोलन और पुलिस की भूमिका
   - राजनैतिक दल–क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय
6. कम्यूनिटी पुलिसिंग की अवधारणा/पुलिस और जनता में साझेदारी/सार्वजनिक दोस्ताना और स्मार्ट पुलिसिंग
   - पुलिस का जनता, जनप्रतिनिधियों के साथ संबंध
   - पुलिस का स्वयंसेवी संस्थाओं से संबंध
7. पुलिस का महिलाओं के साथ व्यवहार

- **इस प्रश्नपत्र के अन्तर्गत पढ़ाये जाने वाले विषयों का फोकस राज्य केन्द्रित होना चाहिये। राज्य के विभिन्न भागों से आने वाले प्रशिक्षु राज्य में पुलिस के सम्मुख प्रचलित सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं कानून व्यवस्था के मुद्दों को समझने में समर्थ होने चाहिए।**

बी. पुलिस संगठन एवं प्रशासन

1. भारत में पुलिस का उद्भव, विकास एवं इतिहास
2. केन्द्रीय पुलिस संगठन एवं संस्थानः–

1– आई.बी.	2– सी.बी.आई.
3– बी.पी.आर.एण्ड.डी.	4– सी.आर.पी.एफ. एवं आर.ए.एफ.
5– बी.एस.एफ.	6– आर.पी.एफ.
7– सी.आई.एस.एफ.	8– एन.पी.ए.
9– एन.आई.सी.एफ.एस.	10–एन.सी.आर.बी.
11– एन.आई.ए.	12–एस.एस.बी.

13– रॉ (आर0ए0डब्लू0)
14–आर.पी.एस.एफ.
15– एस.एस.बी.
16–एन.एस.जी.
17– प्रवर्तन निदेशालय
18–एस.पी.जी.
19– आई.टी.बी.पी.
20– संदिग्ध अभिलेखो के सरकारी परीक्षण के कार्यालय–शिमला, कोलकता, हैदराबाद।
21– सेन्ट्रल फिंगर प्रिन्ट ब्यूरो, नई दिल्ली
22– सेन्ट्रल फोरेसिंक साइंस लेबोरेटरी दिल्ली, कोलकाता ,हैदराबाद
23– एन.डी.आर.एफ.

3. इंडियन आर्म्ड फोर्सेज– मिलिट्री सब ऐरिया, टैरीटोयिल आर्मी एवं एनसीसी
4. राज्य पुलिस संगठनः–(राज्य स्तर, जोन, परिक्षेत्र स्तर, जनपद स्तर, यातायात पुलिस, उप सम्भाग स्तर/क्षेत्र स्तर, पुलिस थाना स्तर), अन्य ईकाईयाँ एस.टी.एफ., ए.टी.एस., महिला हेल्प लाईन, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, स्पेशल ब्रॉच, अभियोजन शाखा, एससीआरबी/फिंगर प्रिन्टस ब्यूरो, सी.आई.डी., क्राइम ब्रान्च रेलवे पुलिस, पुलिस दूरसंचार, यातायात पुलिस निदेशालय, स्टेट फोरेसिंक साइंस लेबोरेटरी, सशस्त्र पुलिस, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, विशेष पुलिस अधिकारी, भारतीय रिजर्ब बटालियन (आई.आर.बी.), पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, पुलिस मुख्यालय, राज्य सतर्कता ब्यूरो, अग्निशमन सेवायें आदि।
5. जनपद पुलिस की विभिन्न शाखाओं के कार्य–पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन्स, जनपद यातायात शाखा, मानव तस्करी विरोधी इकाई, दूरसंचार इकाई आदि।
6. जनपद स्तर पर स्थानीय अभिसूचना ईकाई (एल0आई0यू0)
7. केन्द्रीय सरकार का प्रशासनिक ढांचा
8. राज्य सरकार का प्रशासनिक ढांचा, गृह विभाग
9. स्थानीय स्व–शासन (नगरीय एवं ग्रामीण)
10. जनपद एवं उप सम्भागीय प्रशासनिक ढांचा
11. जनपदीय न्यायालय, अभियोजन शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग का संगठन
12. पुलिस, आर्मी, नेवी एवं वायु सेना के पद एवं पद चिह्न
13. गैर सरकारी संगठनों की भूमिका

- **प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रशिक्षु को सरकार के प्रशासनिक ढांचे एवं पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए।**

सी–वित्तीय नियम

1. वेतन तथा यात्रा भत्ता/पुलिस सैलरी पेकेज संबंधी सामान्य नियम
2. सेवा निवृत्ति/मृत्यु होने पर अनुमन्य विभिन्न लाभ तथा राजकीय कर्मचारी कल्याण योजनायें
3. सेवाकाल में कर्तव्य पालन के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को मिलने वाले विभिन्न लाभ
4. आंकिक शाखा के कार्य एवं उसके अभिलेख (वेतन पत्र, जी0पी0एफ0 बीमा से संबंधित)
5. स्थायी अग्रिम
6. थानों को बजट आवंटन एवं उसका प्रबंधन
7. नये मूल निर्माण कार्य योजना एवं पर्यवेक्षण
8. अनुरक्षण
9. क्रय नियमों की सामान्य जानकारी व तद्विषयक अभिलेख/GEM Portal/ E- Tendering
10. पुलिस जनों के कल्याण की विशेष व्यवस्थायें–राज्य सुख सुविधा फण्ड, कल्याण निधि, छात्रवृति, साइकिल, मोटर साइकिल एवं भवन निर्माण के लिये अग्रिम धन प्राप्त करने के नियम
11. PRAN (परमानेंट रिर्टायमेन्ट एकाउन्ट नम्बर)

डी–अधिष्ठान

1. पत्राचार शाखा
2. उ0प्र0 पुलिस अधीनस्थ श्रेणी अधिकारी एवं कर्मचारी (दंड एवं अपील) नियमावली–1991 व आचरण नियमावली (महत्वपूर्ण प्रस्तर)
3. उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली 2015
4. रैंक और बैज, साज–सज्जा
5. वर्दी पहनने के नियम (ड्रैस रेगुलेशन)

6. सेवानिवृत्ति–अधिवर्षता, स्वैच्छिक अनिवार्य, शारीरिक अक्षमता के समय मिलने वाली सुविधायें
7. परिवाद
8. पदक एवं अलंकरण के प्रकार
9. आवासीय सुविधायें (पदवार)
10. चिकित्सीय सुविधा, अवकाश, नियम, अनुमन्य विभिन्न प्रकार के अवकाश
11. सेवाकाल में कर्तव्य पालन के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को मिलने वाले विभिन्न लाभ एवं असाधारण पेंशन के नियम
12. सेवा अभिलेख–चरित्र पंजिका, सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत पत्रावली

प्रश्न पत्र–द्वितीय
भारतीय दण्ड संहिता

कालांश–120 **अंक–125**

अध्याय 1–प्रस्तावना एवं अपराध की अवधारणा धारा 1 से 5
अध्याय 2–सामान्य व्याख्यायें धारा 10, 21 से 30, 34, 35, 38, 39, 44, 52, 52ए
अध्याय 3–दण्ड धारा 53, 75
अध्याय 4–साधारण अपवाद धारा 76 से 106
अध्याय 5–दुष्प्रेरण एवं आपराधिक षडयन्त्र धारा 107 से 109, 111, 113, 114
अध्याय 5(क)–अपराधिक षडयन्त्र 120ए, 120बी
अध्याय 6–राज्य के विरुद्ध अपराध धारा 121 से 124, 124ए
अध्याय 7–लोक प्रशान्ति के विरुद्ध अपराध धारा 141 से 149, 151, 153ए, 153ए, 153बी, 159, 160
अध्याय 8–लोक सेवकों से सम्बन्धित अपराध धारा 166, 166क (संशोधित), 166ख, 170, 171
अध्याय 9(क)–निर्वाचन से सम्बन्धित अपराध धारा 171ए, बी, सी, डी, ई,
अध्याय 10–लोक सेवकों के विधि पूर्ण प्राधिकार के अवमान के विषय में धारा 174, 174 क, 175, 182 से 188
अध्याय 11–झूठा साक्ष्य, व्यक्तियों एवं न्याय के विरुद्ध अपराध धारा 191 से 193, 195 क, 196, 197, 198, 201, 203, 204, 211, 212, 216, 216ए, 218, 223 से 225, 227, 228, 228ए, 229ए
अध्याय 12–सिक्कों एवं सरकारी स्टाम्प से सम्बन्धित अपराध धारा 255 से 260, 263क
अध्याय 14–लोक स्वास्थ्य, क्षेम, सुविधा, शिष्टता एवं सदाचार पर प्रभाव डालने वाले अपराध धारा 268 से 270, 272 से 276, 277, 279,285, 289, 292, 293, 294
अध्याय 15–धर्म से सम्बन्धित अपराध धारा 295, 295क, 296, 297, 298
अध्याय 16–मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराध धारा 299 से 304, 304ए–बी, 306, 307, 308, 309, 313, 315, 317 318 ,319 से 326, 326क, 326ख, 328, 330 से 333, 336 से 338, 339 से 342, 349 से,354, 354 ए,बी,सी,डी, (संशोधित) 356, 359 से 364, 364ए, 365, 366, 368, 370, 370क, (संशोधित) 375, 376, 376 ए,बी,सी, डी, ई, वर्ष 2018 का आपराधिक विधि संशोधन द्वारा नई धाराऐं 376 एबी, 376डीए, 376 डीबी, 377
अध्याय 17–सम्पत्ति के विरुद्ध अपराध सम्पत्ति के न्यास भंग से सम्बन्धित अपराध छल, रिष्टि से संबंधित अपराध धारा 378 से 384, 385, 386, 387, 390, 391, 392 से 397, 398, 399, 401, 402, 405, 406 से 409, 410, 411, 412, 413, 414, 415, 419, 420, 425, 429, 430, 435, 436, 441 से 460
अध्याय 18–अभिलेखों, सम्पत्ति चिन्हों से सम्बन्धित अपराध एवं मुद्रा का कूटकरण धारा 463 से 465, 467, 468, 470, 471, 477क, 489 ए, बी, सी, डी, ई
अध्याय 20–विवाह से सम्बन्धित अपराध धारा 494, 495, 497, 498,
अध्याय 20(क)–पति या पति के नातेदार द्वारा क्रूरता के विषय में धारा 498ए
अध्याय 21–मान हानि के विषय में धारा 499, 500
अध्याय 22–आपराधिक अभित्रास, अपमान एवं अपराध कारित करने के प्रयास धारा 503, 504, 506, 509
अध्याय 23–अपराधों के करने के प्रयत्न में धारा 511

नोट– प्रत्येक विषय पर अध्यापक सम्बन्धित संशोधनों एवं समय–समय पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायिक सिद्धान्तों/केस लॉ एवं प्रतिपादित विधि व्यवस्था की जानकारी प्रशिक्षुओं को देंगे।

- उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षु को भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अपराधों के अवयवों (ingredients) की जानकारी हो सके।
-

प्रश्न पत्र–तृतीय
दण्ड प्रक्रिया संहिता

कालांश–100 **अंक–125**

अध्याय 1–प्रस्तावना एवं परिभाषायें धारा 1, 2ए, सी, डी, जी, एच, एल, ओ, आर, एस, डब्ल्यू, एक्स, डब्ल्यूए
अध्याय 2–आपराधिक न्यायालय एवं अभियोजन इकाई धारा 6,9, 11, 12, 13, 20, 21, 24, 25, 25क
अध्याय 3–न्यायालय की शक्ति धारा 26, 28, 29, 30
अध्याय 4–पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की शक्तियॉ धारा 36 से 40
अध्याय 5–व्यक्तियों की गिरफ्तारी, चिकित्सीय परीक्षण आदि 41 से 60
अध्याय 6–उपस्थित होने के लिए विवश करने वाली आदेशिकायें धारा 61 से 90
अध्याय 7–वस्तुऍ प्रस्तुत करने के लिए विवश करने वाली आदेशिकायें धारा 91, 93 से 95, 97, 98, 100, 102, 105
अध्याय 8–परिशान्ति एवं सदाचार बनाये रखने के लिए प्रतिभूति धारा 106 से 122
अध्याय 10–लोक व्यवस्था एवं प्रशान्ति बनाये रखना न्यूसेन्स हटाना धारा 129 से 132, 133, 144, 145, 146
अध्याय 11–पुलिस द्वारा रोकथाम की कार्यवाही धारा 149 से 151
अध्याय 12–पुलिस के लिए सूचना एवं अन्वेषण की शक्तियॉ धारा 154 से 176
अध्याय 14–आपराधिक कार्यवाहियाँ शुरु करने के लिए आवश्यक शर्ते धारा 190, 195, 195 क से 199
अध्याय 22–कारागार में निरूद्ध व्यक्तियों की हाजिरी के विषय में धारा 267, 270
अध्याय 23–जांचों व विचारण में साक्ष्य से सम्बन्धित धारा 299
अध्याय 24–जांचों व विचारण के बारे में सामान्य प्राविधान धारा 300, 306, 309, 311, 311क, 313, 315, 319, 320, 321
अध्याय 26–न्याय प्रशासन पर प्रभाव डालने वाले अपराधों के बारे में धारा 345, 350
अध्याय 27–निर्णय धारा 357, 357क, 357ख, 357ग, 360,
अध्याय 29–अपीलें धारा 372, 376, 375, 377, 378
अध्याय 30–पुनरीक्षण धारा 397, 399, 401
अध्याय 33–जमानत एवं बन्धपत्र से सम्बन्धित उपबन्ध धारा 436, 436क, 437, 437क से 441
अध्याय 34–सम्पत्ति का निस्तारण धारा 451 से 459
अध्याय 36–विविध धारा 468 से 473
अध्याय 37–प्रकीर्ण धारा 482 एवं परिशिष्ट 1 व 2 की जानकारी

नोट– प्रत्येक विषय पर अध्यापक सम्बन्धित संशोधनों एवं समय–समय पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायिक सिद्धान्तों/केस लॉ एवं प्रतिपादित विधि व्यवस्था की जानकारी प्रशिक्षुओं को देंगे।

- उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षु को दण्ड प्रक्रिया संहिता के उन सुसंगत उपबन्धों एवं सुसंगत केस लॉ से सुसज्जित कर दिया जाये, जिन्हें उसे अन्वेषण अधिकारी के रुप में अपने कर्तव्य के निर्वहन और न्यायालय एवं अभियोजन इकाई को न्यायिक कार्यवाहियों के मध्य सहायता प्रदान करते समय प्रयोग में लाना होता है ।

प्रश्नपत्र–चतुर्थ

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, संविधान एवं मानवाधिकार

कालांश–100 **अंक–125**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम

अध्याय 1–प्रस्तावना एवं परिभाषायें धारा 1 से 3
अध्याय 2–तथ्यों की सुसंगता धारा 5 से 11,
–स्वीकृतियॉ 17, 24 से 30
–मृत्युकालिक कथन धारा 32, 32 (1)
–विशेषज्ञ की राय धारा 45, 45क, 47, 47क, 48
–शील की सुसंगता धारा 51, 53, 53ए, 54
अध्याय 4–मौखिक साक्ष्य के विषय में धारा 59, 60
अध्याय 5–अभिलेखीय साक्ष्य धारा 61, 62, 63, 65क, 65ख, 67, 67क, 73, 73क, 74, 75, 76
अध्याय 7–साक्ष्य का भार धारा 101 से 108, 111क, 113क, 113ख, 114, 114क
अध्याय 9–सक्षम साक्षी धारा 118, 119ए, 122 से 126 तक एवं 133, 134
अध्याय 10–साक्षीगण का परीक्षण धारा 137, 138, 139, 141, 142, 143, 145, 146, 147, 150, 151, 152, 153, 154, 155, 156, 157, 159, 160 से 165

नोट– प्रत्येक विषय पर अध्यापक सम्बन्धित संशोधनों एवं समय–समय पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायिक सिद्धान्तों/केस लॉ एवं प्रतिपादित विधि व्यवस्था की जानकारी प्रशिक्षुओं को देंगे।

- उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न बिन्दुओं पर अद्यतन केस लॉ पढ़ाये जायेंगे।
- विभिन्न केस लॉ के सबंध में पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा निर्गत परिपत्रों की जानकारी एवं ज्ञान।

उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षु साक्ष्यों की प्रकृति और न्यायालय में उनकी स्वीकार्यता समझ सके। विषय के अध्यापन में स्पष्टीकरण एवं उदाहरणों का समावेश किया जाना चाहिए, ताकि प्रशिक्षु प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात् मामले से सम्बन्धित सुसंगत साक्ष्य एकत्रित करने के योग्य हो सके।

संविधान एवं मानव अधिकार

1. भारतीय संविधान का परिचय एवं प्रस्तावना
   (1) राष्ट्रपति/राज्यपाल/राज्य प्रमुखों का संरक्षण अनुच्छेद 361, 361क
   (2) जनहित याचिका (उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय)
2. मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 12 से 35)
3. राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्त (अनुच्छेद 36 से 51)
4. मौलिक कर्तव्य (अनुच्छेद 51ए)
5. सशस्त्र बलों एवं पुलिस के अधिकारों का निर्बंधन (अनुच्छेद 33), केन्द्र एवं राज्यों के अधीन सेवा (अनुच्छेद 308 से 311), सांसदों एवं विधायकों की शक्तियॉ एवं विशेषाधिकार (अनुच्छेद 105, 194),
6. मानवाधिकारों की अवधारणा एवं उनका महत्व, संवैधानिक प्राविधान।
7. मानवाधिकारों का संरक्षण अधिनियम 1993 (धारा 2,3,4,5,12,13,14)
8. मानवाधिकारों एवं अपराध पीड़ित, परिवादी, साक्षी, अभियुक्त से व्यवहार विषयक विभागीय निर्देशों के मुद्दे पर न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय।
9. मानवाधिकार आयोग के कार्य एवं शक्तियाँ।
10. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, महिलाओं, बालकों एवं अल्पसंख्यकों के लिये राष्ट्रीय आयोगों के कार्य एवं शक्तियाँ।

11. अभिरक्षा में अपराधों विशेषकर अभिरक्षा में मृत्यु एवं बलात्कार की पुलिस विवेचनाओं से सम्बन्धित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देश।
12. मानवाधिकारों के संरक्षण में पुलिस की भूमिका
    - ➢ मानवाधिकारों के सम्बन्ध में पुलिस के विरुद्व सामान्य शिकायतें (केस स्टडीज)
    - ➢ मानवाधिकारों की संरक्षक के रूप में पुलिस की छवि को सुधारने की आवश्यकता एवं पहल

नोट– प्रत्येक विषय पर अध्यापक सम्बन्धित संशोधनों एवं समय–समय पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायिक सिद्धान्तों एवं प्रतिपादित विधि व्यवस्था की जानकारी प्रशिक्षुओं को देंगे।

- उद्देश्य संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छदों का ज्ञान कराना है।
- प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रशिक्षु पुलिस कार्य हेतु मौलिक अधिकारों की पवित्रता को समझने में योग्य होना चाहिये और उसे असंवैधानिक अधिकारों एवं मानव अधिकारों पर दृष्टि रखने के लिए उत्तरदायी संस्थाओं एवं प्राधिकारियों की जानकारी होनी चाहिए।

प्रश्न पत्र–पंचम
स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

कालांश–120 **अंक–125**

सैद्धान्तिक
केन्द्र के प्रमुख ऐक्ट

1. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 धारा 2, 7 से 19, 22, 24
2. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 – सम्पूर्ण
3. विद्युत अधिनियम–2003 धारा 2, 135 से 155 तक
4. भारतीय रेलवे अधिनियम 1989 धारा 2, 137 से 182
5. पुलिस अधिनियम, 1861 धारा 1, 2, 4, 5, 7 से 9, 15 से 30, 34 व 44
6. पुलिस बल (अधिकारों का निर्बन्धन) अधिनियम 1966 – सम्पूर्ण
7. पुलिस (द्रोह उद्दीपन) अधिनियम 1922 धारा 2, 3, 5, 6
8. शासकीय गोपनीयता अधिनियम 1923 धारा 2, 3 से 13 तक
9. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 2 से 11 तक, 20, 23, 24
10. किशोर न्याय (बालकों की देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2000 (वर्ष 2007यथा संशोधन 2015) की नियमावली सहित/यथा संशोधित) धारा 1 से 32 34, 37, 49, 63
11. किशोर न्याय नियम 2007/2015धारा 2, 3, 4, 5, 10, 11, 12, 13, 18, 19, 20, 25, 27, 29, 30, 75, 76, 77, 84, 87
12. अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 धारा 2 से 10, 13 से 20
13. स्वापक द्रव्य एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985/2001 धारा 1, 2,8 से 68
14. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 धारा 2, 7 से 15, 17, 18, 19, 20 व 24
15. आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 – सम्पूर्ण
16. दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961/1986 धारा 2 से 8, 8ए
17. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम–2005 धारा 2, 3, 4, 5, 12, 18, 31 व 32
18. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 धारा 1 से 7, 10 से 16(यथा संशोधित 2015)
19. अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियमावली–1995 धारा 6, 7, 10
20. शस्त्र अधिनियम 1959 धारा 1 से 9, 13 से 17, 19 से 22, 25 से 30, 35 से 39 व 45
21. विस्फोटक अधिनियम 1884 धारा 4, 5, 9बी, 12, 13
22. विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 सम्पूर्ण
23. विधि विरूद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1967 धारा 1 से 3, 7, 8, 10 से 25, 35 से 40, 43 से 46, अनुसूची सहित
24. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 धारा 2 से 8, 12, 13 व 15
25. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 धारा 50, 51 व 55

26. मोटर वाहन अधिनियम 1988 धारा 2 से 5, 39, 62, 112, 132, 133, 177, 179, 183, 184, 185, 192, 192ए, 194, 196, 197, 202 से 207
27. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 धारा 2, 125 से 136 (संशोधनों सहित)
28. सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति निवारण अधिनियम 1984 धारा 2 से 5
29. टेलीग्राफ एक्ट 1985 धारा 5
30. प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम 1957(कॉपी राइट एक्ट) धारा 2, 3, 14 ,52ए, 63, 63क, 64, 65, 68क
31. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 धारा 2, 12 से 19, 29, 30, 31, 36
32. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (यथासंशोधित वर्ष 2009) धारा 65 से 78
33. राष्ट्रीय गरिमा के अपयनन का निवारण अधिनियम 1971–सम्पूर्ण
34. मानव अंगो का प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 धारा 2, 3 से 12, 18 से 22
35. धन शोधन अधिनियम–2002 धारा 2 से 5, 16, 17, 18, 19, 43 से 45
36. गर्भ धारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 धारा 2 से 6, 18 से 28, 30 (संशोधनों सहित)
37. राज्य द्रोहात्मक सभाओं का निवारण अधिनियम 1966– धारा 2, 3, 5, 6, 8
38. बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम–2012 धारा 2 से 27, 34 व 42
39. गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम–1971 धारा 2 से 5
40. महिलाओं का अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम–1986 धारा 2 से 8
41. आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 धारा 2, 3, 6, 7 से 11 (संशोधनों सहित)
42. पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1986 धारा 2, 3, 11 से 13, 21 से 36
(बीपीआरएण्ड डी तथा एनीमल वेलफेयर बोर्ड आफ इण्डिया द्वारा Guide to Animal Welfare Laws विषयक Law Enforcement Agencies का उपलब्ध कराया गया प्रशिक्षण पाठयक्रम)
43. महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक शोषण (रोकथाम, निषेध एवं उपचार) अधिनियम–2013 धारा 2 से 27
44. भारतीय वन अधिनियम 1927 धारा 2, 3, 5, 26, 29, 30, 32, 33, 34, 41, 52 से 58, 63, 64, 65, 66, 70, 77, 79

नोटः– प्रवक्ताओं द्वारा नवीनतम संशोधनों/केस लॉ का विशेष उल्लेख किया जायेगा।

राज्य के प्रमुख ऐक्ट

1. उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम 1970 धारा 02 से 09
2. उ0प्र0 आबकारी अधिनियम 1910 धारा 48 से 72 (यथासंशोधित 2017)
3. उ0प्र0 सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 धारा 2, 3 से 9, 13, 13ए, 14, 16
4. उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निषेध) अधिनियम 1992 धारा 2 से 12
5. उ0प्र0 आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966 धारा 2 से 7
6. उ0प्र0 पी0ए0सी0 अधिनियम 1948 – सम्पूर्ण
7. उ0प्र0 भूमि संहिता की धारा–65 व 66
